वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2017-18

भारतीय जन संचार संस्थान
वार्षिक रिपोर्ट 2017-18

प्रस्तावना

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) का पंजीकरण सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम (21) 1860 के तहत हुआ था। इसकी स्थापना 17 अगस्त 1965 को पत्रकारिता, मीडिया और जन संचार के क्षेत्र में शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के मूलभूत लक्ष्यों की पूर्ति हेतु हुई थी।

संस्थान की शुरुआत के समय इसमें निदेशक के अलावा चार प्राध्यापक और यूनेस्को का एक परामर्शदाता शामिल था। यह संस्थान राज्य एवं केन्द्र सरकार के सूचना सेवा अधिकारियों के लिए कार्यक्रम और कोलम्बो योजना के अंतर्गत कुछ विदेशी प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन तथा लघु स्तर पर शोध अध्ययन करता था। संस्थान ने गत 53 वर्षों में अपनी स्थापना के मूल लक्ष्य ''केन्द्र और राज्य सरकारों के सूचना और प्रचार कर्मियों को और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के उद्योगों की सूचना एवं प्रचार संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शोध और प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराना'' के अनुरूप आधुनिक युग में तेजी से विस्तृत होते हुए तथा परिवर्तनशील मीडिया उद्योग की विविध एवं अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अनेक विशेष पाठ्यक्रमों की शुरुआत और उनका सफल प्रबंधन किया है।

31 मार्च, 2018 की स्थिति को सामने रखा जाए तो आज भारतीय जन संचार संस्थान भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के अलावा प्रिंट मीडिया पत्रकारिता में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और ओडिया भाषा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। इसके अलावा संस्थान रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता तथा विज्ञापन एवं जनसंपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। संस्थान 1969 से ही भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के तत्वावधान में अफ्रीकी, एशियाई, लातीन अमरीकी और पूर्वी यूरोपीय देशों के मिड कैरियर श्रमजीवी पत्रकारों के लिए विकास पत्रकारिता में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का आयोजन कर रहा है। यह जिन विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत किया जा रहा है वह हैं :- भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटेक-ITEC), विशेष राष्ट्रमंडल अफ्रीकी सहायता योजना (स्काप-SCAAP) तथा कोलंबो योजना के तहत तकनीकी सहयोग योजना (टीसीएस-TCS) कार्यक्रम। संस्थान केन्द्र और राज्य सरकारों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के मीडिया, प्रचार और प्रचालन से जुड़े विभिन्न संगठनों में कार्यरत संचार कर्मियों की प्रशिक्षण संबंधी निरंतर बढ़ती हुई आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एक सप्ताह से चार सप्ताह तक की अवधि के विशेष अल्पकालिक पाठ्यक्रम भी आयोजित करता है। इसमें खासतौर से सेना और पुलिस के अधिकारियों के लिए संचालित किए जाने वाले कोर्स शामिल हैं। संस्थान प्रशिक्षण, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं इत्यादि के आयोजन में विविध राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से भी सहयोग करता है तथा संयुक्त शोध परियोजनाओं पर भी कार्य करता है।

हाल में जन संचार के क्षेत्र में काफी तेजी से कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं और ये निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले और उसमें अहम भूमिका निभाने वाले कारक के रूप में उभरे हैं। जन संचार ने बड़ी ही तीव्रता से महत्वपूर्ण एवं उच्च प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त कर लिया है तथा विभिन्न शैक्षणिक विधाओं के विद्यार्थियों के लिए इस क्षेत्र से जुड़ना एक बड़ा आकर्षण बन गया है। सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति ने संचार माध्यमों (मीडिया) के विस्तार

और उनके काम करने के तरीके में परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसने उक्त क्षेत्र से जुड़े छात्रों, शिक्षकों और व्यावसायिकों के लिए बड़ी चुनौतियां भी खड़ी की हैं। जितनी तेजी से सूचना प्रौद्योगिकी बदल रही है, उतनी ही तेजी से जन संचार और मीडिया के शिक्षण का स्वरूप भी बदल रहा है। शिक्षा के किसी भी दूसरे क्षेत्र में बदलाव की प्रक्रिया इतनी तेज नहीं रही है। माध्यम के प्रभाव को बनाए रखने और उसमें निरंतर वृद्धि के लिए उभरती हुई चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करना निश्चित ही समय की मांग है; साथ ही नए मीडिया से जुड़ने और उसमें विस्तार के तरीके खोजने की भी जरूरत है।

इसके मद्देनज़र संस्थान तेज़ी से बदलती हुई नई जरूरतों का सामना करने के लिए पाठ्यविषयों का निरंतर मूल्यांकन करता है, जिससे बदलते हुए परिदृश्य में भी संस्थान द्वारा चलाए जाने वाले पाठयक्रमों की प्रासंगिकता बनी रहती है। संस्थान भविष्य में मीडिया संस्थानों से जुड़ने की इच्छा रखने वाले युवा छात्र-छात्राओं को संचार के लिए आवश्यक सामान्य कौशल तथा इस क्षेत्र के विभिन्न आयामों की बारीकियों और तकनीकों का प्रशिक्षण देता है। संस्थान विद्यार्थियों को समाज के उपयोगी सदस्यों के रूप में विकसित होने में मदद करता है। विकास की इस प्रक्रिया में जानकारियों और ख़बरों को समाज के अन्य लोगों तक व्यापक पैमाने पर पहुंचाने के लिए सूचनाओं ओर संचार माध्यमों का प्रभावपूर्ण इस्तेमाल ज़रूरी है। अपनी इसी विशिष्टता के कारण संस्थान और इससे निकलने वाले छात्रों ने अपना एक अलग मुकाम हासिल किया और पहचान स्थापित की है।

संस्थान सूचना के ऐसे ढांचे के निर्माण में तथा उसे और सुचारू व मज़बूत बनाने में मदद करता है, जो न केवल भारत अपितु सभी विकासशील देशों के लिए उपयोगी हो। संस्थान केंद्र और राज्य सरकारों के विभागों और अंगों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक निकायों के अलावा अनुरोध हासिल होने पर अन्य संस्थाओं, संगठनों और विभिन्न निकायों को भी उनकी ज़रूरत के अनुसार विशेषज्ञता और परामर्श सेवाएं प्रदान करता है।

संस्थान के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की बढ़ती लोकप्रियता तथा क्षेत्रीय ज़रूरतों की पूर्ति के लिए संस्थान ने 1993 में ढेंकानाल (ओडिशा) में एक शाखा खोली ताकि क्षेत्रीय आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। इस समय वहां दो स्नातकोत्तर डिप्लोमा पत्रकारिता पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यह अंग्रेजी और ओडिया भाषा के पाठ्यक्रम हैं।

विस्तार का अगला चरण वर्ष 2011 और 2012 में संपन्न हुआ। 2011 में भारतीय जन संचार संस्थान के दो नये क्षेत्रीय परिसर मिज़ोरम के आइज़ोल तथा महाराष्ट्र के अमरावती में खोले गए। 2012 में संस्थान के दो और क्षेत्रीय परिसर जम्मू (जम्मू और कश्मीर) तथा कोट्टायम (केरल) में खोले गए। चारों नये क्षेत्रीय परिसर अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान करते हैं, जबकि पहले से कार्यरत पांचवें क्षेत्रीय परिसर ढेंकानाल में अंग्रेजी और ओडिया, दोनों भाषाओं के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

इस तरह संस्थान का स्वरूप एक दिल्ली आधारित संस्थान (जिसकी एक शाखा ढेंकानाल, ओडिशा क्षेत्रीय परिसर वाला संस्थान था), से पूरी तरह बदल कर राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में परिवर्तित हो गया जो अपने नई दिल्ली स्थित मुख्यालय के अलावा ये देश के सभी पांच प्रमुख क्षेत्रों उत्तर, दक्षिण पूर्व, पश्चिम और उत्तर-पूर्व में कार्यरत हैं।

संस्थान को भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय से वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। संस्थान की गतिविधियों का मार्गदर्शन कार्यकारी परिषद करती है। इस परिषद के अध्यक्ष सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव हैं वे ही भारतीय जन संचार समिति के अध्यक्ष का भी पदभार संभालते हैं। समिति में सूचना और प्रसारण मंत्रालय और

अन्य मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा संस्थान की संकाय के प्रतिनिधि और मीडिया जगत के विख्यात संचार कर्मी शामिल हैं। संस्थान के महानिदेशक कार्यकारी परिषद के सदस्य-सचिव होते हैं।

अपनी स्थापना के पचास से भी अधिक वर्षों तक निरंतर कठिन परिश्रम तथा बेहतरीन परिणाम देने की भावना की लगातार जारी कोशिश के कारण ही संस्थान ने संचार शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध के क्षेत्र में ''उत्कृष्ट केंद्र'' की अनुकरणीय प्रतिष्ठा हासिल की है।

वर्ष 2017-18 के दौरान शैक्षिक और प्रशिक्षण गतिविधियां

भारतीय सूचना सेवा अधिकारियों का प्रशिक्षण

2017 में, 12 भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) समूह 'क' अधिकारी प्रशिक्षओं ने 16 जनवरी 2017 से 15 अक्तूबर, 2017 तक 9 महीने का मीडिया और संचार संबंधी **प्रवेश प्रशिक्षण** पूरा किया। प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण कार्य असम राइफल्स से संबंध रक्षा संबंधी कार्य वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से संबंधित कार्य और मानेसर में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) से संबंधित जैसे बाहरी कार्य थे। पिछले वर्ष से भिन्न वर्ष 2016-17 के आईआईएस समूह 'क' अधिकारी प्रशिक्षु वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ के बजाए झारखंड गए थे। वन्य जीवन और सामाजिक वन विज्ञान पर संरक्षण अध्ययन को उनके आरंभिक प्रशिक्षण के भाग के रूप में पहली बार शामिल किया गया। तकनीकी कौशल जैसे समाचार लेखन, रेडियो टेलीविजन लेखन तथा एफटीआईआई पुणे में वृत्त चित्र बनाने जैसी विधाओं से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण पर्यावरण लेखा-परीक्षा, सामाजिक लेखा-परीक्षा और जमीनी स्तर पर संचार जैसे मुद्दों से भी जुड़े रहे। प्रशिक्षण का मुख्य आकर्षण तीन सप्ताह का भारत दर्शन कार्यक्रम रहा। इस अध्ययन यात्रा के दौरान उन्होंने कम्युनिटी रेडियो, रेडियो बुन्देलखंड का दौरा किया।

आईआईएमसी ने दिनांक 24 अप्रैल से 19 मई, 2017 तक 25 आईआईएस समूह 'क' अधिकारियों के लिए मध्यकालीन व्यवसाय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 4 सप्ताह के लिए चरण III प्रशिक्षण आयोजित किया। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से मीडिया और संचार पहलुओं पर केन्द्रित था। उनके लिए प्रबंधन विकास संस्थान (एमडीआई), गुरुग्राम में एक सत्र का आयोजन किया गया, जो मुख्य रूप से नेतृत्व कौशल, ब्रांड प्रबंधन और विज्ञापन तथा विपणन सहित डिजिटल विपणन पर केन्द्रित था। सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) में भी एक सप्ताह का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह मुख्य रूप से प्रशासन और वित्तीय मामलों पर केन्द्रित था। वर्ष 2015-16 बैच के आईआईएस समूह 'क' अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए संचार और मीडिया में उनके दो वर्ष के आरंभिक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद पहली बार एक सप्ताह के लिए चरण II प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

वर्तमान में वर्ष 2017 के नए बैच में आईआईएस समूह 'क' के 19 अधिकारी प्रशिक्षु आरंभिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और वरिष्ठ ग्रेड आईआईएस समूह 'ख' के 06 अधिकारी प्रशिक्षु संचार और मीडिया में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

संस्थान ने अपनी स्थापना के बाद से ही कड़े परिश्रम से अपने प्रशिक्षण की विषय-वस्तु में सुधार करते हुए मीडिया और संचार शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशेष स्थान बना लिया है। आज इसे इस क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्थानों में गौरवपूर्ण

स्थान प्राप्त है। यह मीडिया उद्योग में आने के इच्छुक प्रशिक्षुओं के लिए हिंदी, अंग्रेजी, ओडिया पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जन संपर्क तथा रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हासिल करने का अवसर प्रदान करता है। संस्थान द्वारा प्रस्तुत पाठ्यक्रमों में, कक्षा में प्रशिक्षण, कड़े अभिप्रयासों, प्रायोगिक पत्रों और परियोजनाओं (प्रोजेक्ट) आदि का उचित सम्मिश्रण रहता है। कक्षा में बताई या पढ़ाई गई बातों का अभ्यास करने के लिए क्षेत्रीय भ्रमण के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराया जाता है। विद्यार्थियों के लिए यह कौशल सीखना इसलिए आवश्यक है ताकि वह अपने कैरियर में सफलता प्राप्त कर सकें। प्राप्त की जा रही शिक्षा को वास्तविक और व्यावहारिक तौर पर उस वातावरण से जोड़ने के ऐसे अभ्यास उन्हें उन परिस्थितियों से परिचित कराते हैं, जिनका उन्हें मीडिया कर्मियों की भूमिका के रूप में सामना करना पड़ सकता है। तीव्रता से विकसित होते हुए मीडिया एवं संचार के क्षेत्र में बदलती हुई प्रवृत्तियों और तकनीक के साथ चलने के लिए पाठ्यक्रमों की विषय वस्तु की निरंतर समीक्षा की जाती है और उनमें संशोधन किए जाते हैं ताकि परिवर्तित परिस्थितियों में भी पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता कायम रखी जा सके। पाठ्यक्रमों को तैयार करते समय, उद्योग की विविधतापूर्ण आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा जाता है ताकि विद्यार्थी नीतिपरक एवं ज़मीनी यथार्थ से भी परिचित हों। इन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना भरने का भी प्रयास किया जाता है ताकि वो भारत के बहुभाषी, बहुधर्मी, और बहुआयामी समाज में अपनी-अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने में समर्थ हो सकें।

संस्थान अपने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप उपलब्ध कराने में भी मदद करता है ताकि वे पाठ्यक्रम से समाप्त होने पर नौकरी प्राप्त करने के लिए आवश्यक कुशलता हासिल कर सकें। कोर्स की समाप्ति के बाद कैंपस प्लेसमेंट शिविर सहित अन्य तरीकों से उन्हें नौकरी प्राप्त करने में मदद की जाती है। ये नियुक्तियां समाचारपत्रों, टीवी चैनलों, मीडिया कार्यालयों और विज्ञापन एवं जन संपर्क एजेंसियों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में होती हैं।

पत्रकारिता (हिंदी) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरूआत हिंदी समाचारपत्रों, पत्रिकाओं, टीवी एवं रेडियों के लिए कौशलपूर्ण एवं व्यावसायिक तौर पर प्रशिक्षित मीडिया पेशेवरों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए की गई। भारत में मीडिया के विकास के साथ-साथ शीघ्र ही पाठ्यचर्या में नये मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफार्म का समावेश किया गया। पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सैद्धांतिक पृष्ठभूमि प्रदान करना और समाचार एकत्रीकरण, निर्माण, प्रस्तुतिकरण और प्रसारण की प्रक्रिया में व्यावसायिक कौशल देना है।

वर्ष 2017-18 में हिंदी पत्रकारिता पाठ्यक्रम के कोर्स में 60 विद्यार्थी थे। 45 प्रशिक्षु सफल हुए और अन्य दस प्रशिक्षु पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए परीक्षा में फिर से पूरक परीक्षा देंगे। पाठ्यक्रम के प्रारंभिक चरण में संचार के सिद्धांत और अवधारणाओं तथा पत्रकारिता के इतिहास और कानून एवं आचार संहिता पर विशेष बल दिया गया। पहले सप्ताह से ही प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर पर हिंदी में यूनिकोड का प्रशिक्षण दिया गया ताकि प्रकाशन हेतु उनके हिंदी टंकण कौशल और सॉफ्टवेयर ज्ञान में बढ़ोतरी हो सके। दोनों सत्रों में सैद्धांतिक और व्यावहारिक, दोनों पक्षों पर समान रूप से ध्यान दिया गया।

वर्ष 2013 में हिंदी पत्रकारिता के लिए उद्योग द्वारा सर्वाधिक प्रयुक्त एवं एकीकृत समाचार संपादन प्रणाली प्राप्त करके विशेष कंप्यूटर प्रयोगशाला स्थापित की गई ताकि उसमें प्रयोगशाला पत्रों का प्रकाशन किया जा सके। इस वर्ष विद्यार्थियों ने ''न्यूज़ रैप'' संपादन प्रणाली तथा एकीकृत एडोबे पर अपने प्रायोगिक शोध पत्र प्रकाशित किए।

उन्होंने पाठ्यक्रम के दौरान डिज़ाइन पब्लिशिंग सॉफ्टवेयर में संपादन और अन्य प्रायोगिक पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत किए। संस्थान धीरे-धीरे पेपररहित प्रशिक्षण की ओर बढ़ रहा है। विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत तौर पर व समूहों में 50 से अधिक प्रयोगशाला पत्र प्रकाशित किए।

इस बार विद्यार्थी एक शैक्षणिक दौरे पर सूरजकुंड मेले में भी गए और उन्होंने इस दौरे की रिपोर्टिंग करते हुए विशेष प्रयोगशाला पत्र प्रकाशित किए। उन्होंने रेडियो ओर टेलीविजन के लिए भी इसकी रिपोर्टिंग की। मीडिया में व्यावसायीकरण के बढ़ते हुए रुझान को देखते हुए अपनी जिम्मेदारियां भी हैं। संस्थान के अधिदेश के अनुरूप विकास संचार में प्रशिक्षण देने के लिए भरसक प्रयास किया गया। छात्रों ने संस्थान के सामुदायिक रेडियो स्टेशन में काफी रुचि दिखाई और समूहों में इसके लिए कई कार्यक्रम तैयार किए।

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर सभी विद्यार्थी विभिन्न संगठनों में व्यावहारिक अभ्यास के लिए गए। संस्थान के प्लेसमेंट विभाग ने केंद्रीकृत इंटर्नशिप/नियोजन पखवाड़े के दौरान विद्यार्थियों को समाचारपत्रों और उनके डिजिटल संस्करणों, टेलीविजन चैनलों और समाचार एजेंसियां में प्लेसमेंट में मदद की। विद्यार्थियों का दैनिक भास्कर, नवभारत टाइम्स ऑनलाइन, अमर उजाला डिजिटल, इंडिया टुडे डिजिटल, जागरण जोश और हरिभूमि और उनके ऑनलाइन संस्करणों, एबीपी न्यूज, एपीएन टीवी और ईटीवी भारत में नियोजन हुआ जबकि कुछ छात्रों ने उच्च अध्ययन को चुना।

पत्रकारिता (उर्दू) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम: भारतीय जन संचार संस्थान में उर्दू पत्रकारिता का डिप्लोमा पाठ्यक्रम 2016-17 में कार्यकारी परिषद द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम को उन्नयन करके इसे स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स का दर्जा प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के लिए एक नया अभ्यास शुरू किया गया है और हिन्दी तथा अंग्रेजी पत्रकारिता पाठ्यक्रम के छात्र सुबह के सत्र में संयुक्त कक्षाओं में बैठे और दोपहर के सत्र में भाषा विशिष्ट कार्य किये। इस प्रक्रिया ने उर्दू पत्रकारिता के छात्रों का बेहतर एकीकरण करके मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता की।

वर्ष 2017-18 में पांच छात्रों ने प्रवेश लिया और उन सभी ने पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। उनमें से दो छात्रों की ईटीवी भारत में नियुक्ति हुई और एक ने वेब न्यूज पोर्टल रोर मीडिया में कार्यभार संभाला, जबकि दो प्रशिक्षु स्वतंत्र पत्रकार के रूप में कार्य कर रहे हैं।

पत्रकारिता (अंग्रेजी) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम युवा छात्रों को पेशेवर पत्रकार बनाने के उद्देश्य से पत्रकारिता के विविध पहलुओं और तकनीकों पर प्रशिक्षण देने के लिए डिजाइन किया गया था। यह नौ महीने का पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण, कठिन और व्यवहारोन्मुख है जो छात्रों में कौशल और दूरदर्शिता को विकसित करने पर ध्यान देता है, यह एक सफल पत्रकार बनाने के लिए आवश्यक है।

वर्ष 2017-18 के दौरान इस पाठ्यक्रम में 58 छात्रों को मुद्रण, इलेक्ट्रॉनिक, विकास और डिजिटल मीडिया में सैद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मीडिया के अलावा उनको विज्ञापन, जन संपर्क, सार्वजनिक स्वास्थ्य संचार और वृत्तचित्र निर्माण के क्षेत्र में भी प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें मीडिया के लिए लेखन, डिजाइनिंग और लेआउट, समाचारपत्र और पत्रिका निर्माण, टेलीविजन और रेडियो निर्माण और उद्योग में उपयोग में लाए जाने

वाले नवीनतम साफ्टवेयर और तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

इस वर्ष 42 छात्रों ने समूहों में शोध पत्रिकाओं का प्रकाशन किया। वे वेबसाइट निर्माण, रेडियो बुलेटिनों का निर्माण, डिजिटल कहानियां, टेलीविजन बुलेटिनों का निर्माण जैसे अन्य समूह कार्यकलापों को पूरा करने में सक्षम रहे। छात्रों ने अपना रेडियो 96.9 में भी भाग लिया जो आईआईएमसी का सामुदायिक रेडियो स्टेशन है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च पर विशेष प्रयोगशाला पत्रिका का प्रकाशन किया गया। महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर 7 प्रयोगशाला पत्रिकाओं में लगभग 100 लेख प्रकाशित किए गए। बेटी फाउंडेशन ने महिला दिवस पर निर्मित सबसे अच्छे लैब जर्नल को चुनने के लिए प्रतियोगिता भी आयोजित की जिसमें अंग्रेजी पत्रकारिता के छात्रों ने पहले तीन पुरस्कार जीते।

इस वर्ष विभाग ने मोबाइल पत्रकारिता, दृश्य संचार, वृत्तचित्र निर्माण, फोटो पत्रकारिता, डिजिटल कथा कथन, कृत्रिम बुद्धि द्वारा वीडियो विकसित करना, सार्वजनिक स्वास्थ्य संचार, बजट की व्याख्या, डिजिटल सिनेमाटोग्राफी, सरकारी सूचना प्रणाली, सामाजिक मीडिया के लिए लेखन, संसदीय समाचार लेखन आदि पर विशेष व्याख्यान आयोजित किए।

संस्थान ने साप्ताहिक सेमिनार श्रृंखला शुरू की जिसमें छात्रों ने गोपनीयता का अधिकार, तीन तलाक निर्णय, भ्रामक खबर, मैनुअल स्कावेन्जिंग आदि जैसे समकालीन मुद्दों पर अपनी प्रस्तुति दी। इन संगोष्ठियों को आयोजित करने का उद्देश्य था :

महत्वपूर्ण मुद्दों पर संवाद और चर्चा के वातावरण का निर्माण करना।

प्रभावी संचार पर छात्रों को प्रशिक्षण देना।

छात्रों ने दिनांक 8 फरवरी, 2018 को सूरज कुंड मेले का दौरा किया और इस पर एक फोटो फीचर बनाया। इनमें से कुछ फोटो फीचर मुख्यधारा मीडिया में प्रकाशित किए गए। उन्होंने सामाजिक मीडिया और महिला सशक्तिकरण, ई-स्वास्थ्य सेवा, ई-शासन, शिक्षा में आईसीटी, बाल अधिकार आदि विषयों पर भी काम किया जिसमें उन्होंने सरकार और निजी क्षेत्र द्वारा शुरू किए गए सभी पहलुओं का प्रलेखन किया।

अंग्रेजी पत्रकारिता के छात्रों ने विविध इंटर कॉलेज और इंट्रा कॉलेज प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अनेक पुरस्कार जीते। अंग्रेजी पत्रकारिता के छात्रों ने दिनांक 13 अप्रैल को आयोजित एनडीटीवी कान्क्लेव 2018, संपूर्णा द्वारा आयोजित महिलाओं की सुरक्षा, सीआईआई सम्मेलन और मीडिया नामा द्वारा आयोजित फेक न्यूज जैसे समारोह में भी भाग लिया।

वर्ष 2017-18 में छात्रों को आईपीएसी, बिजनेस स्टैंडर्ड, जिंदल स्टील, इंडिया न्यूज अहेड, नेटवर्क 18, ईटीवी, एनडीटीवी, टाइम्स इंटरनेट, इक्नॉमिक टाइम्स, इंडियन एक्सप्रेस ऑनलाइन, फाइनेंशियल एक्सप्रेस, एएनआई, एआईआर, रेडियो मिर्ची, पीटीआई, प्रसारण विभाग निदेशालय, जिंदल स्टेनलेस, कैरियर्स 360, रोर मीडिया आदि जैसे प्रतिष्ठित संगठनों में नियुक्तियां प्राप्त हुईं।

विज्ञापन एवं जनसंपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम: विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग उद्योग के लिए बेहतरीन पेशेवर कर्मी तैयार करने के गौरव को निरंतर प्राप्त करता रहा है। विज्ञापन एवं जनसंपर्क में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में सर्वाधिक बल समकालीन और प्रगतिशील अध्ययन पर रहता है। इसके साथ सुविचारित पाठ्यक्रम तथा शिक्षण और उद्योग का अनुभव इस पाठ्यक्रम की विशेष पहचान के तौर पर उभरा है।

वर्ष 2017-18 में विज्ञापन एवं जनसंपर्क पाठ्यक्रम में कुल 70 विद्यार्थी थे। पाठ्यक्रम के 12 प्रश्नपत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को गहन शिक्षण, प्रशिक्षण एवं कौशल अभिवृद्धि अभ्यास कराया गया। गत वर्षों की भांति संस्थान के संकाय के अलावा उद्योग जगत की सर्वोत्तम हस्तियों ने भी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों ने कई नामी गिरामी ब्रांडों, मीडिया के खोजी मुद्दों तथा संकट प्रबंधन सिमुलेशन और कॉपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी एस आर-CSR) ब्रांड निर्माण इत्यादि पर कार्य किया। इस बार सैद्धांतिक पढ़ाई के दौरान नए तरीकों का भी इस्तेमाल किया गया। इनमें छात्रों को बेहतर ढंग से समझाने के लिए चरित्रों द्वारा नाटक अदायगी, केस स्टडीज़, किताबों की समीक्षा और प्रश्नोत्तरी इत्यादि के रूप में अध्यापन की नवीन पद्धतियां आरंभ की गई।

छात्रों ने महत्वपूर्ण विज्ञापन अभियानों पर कार्य किया। पिछले वर्ष उन्होंने सड़क परिवहन मंत्रालय के लिए सड़क सुरक्षा पर अभियान चलाया और मंत्रालय से इसके लिए एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि के रूप में प्राप्त की। इस वर्ष एक वार्षिक प्रदर्शन अभियान आयोजित किया गया। सबसे प्रत्याशित समारोह वार्षिक अभियान को इन्द्रधनुष नाम दिया गया जो इस वर्ष 23 मार्च को सुबह 10.30 बजे से मिनी सभागार में रखा गया था। इस वर्ष की प्रदर्शनी में विज्ञापन और जन संपर्क विभागों के छात्रों और रेडियो और टेलीविजन पत्रकारिता के छात्रों ने भी भाग लिया। छात्रों द्वारा अभियानों में दवाई का दुरुपयोग, बाल श्रम, बाल अभिग्रहण आदि जैसे सामाजिक जागरूकता वाले विषयों की छानबीन की गई। यौन शिक्षा जैसे विषय और उत्तराखंड पर्यटन जैसे कुछ अद्वतीय विषयों पर भी विचार किया गया । डॉ. सुरभी दहिया, श्री आनन्द भूषण, श्री अहेइबाम प्रह्लाद और श्री राजेश राणा ने छात्रों कामार्गदर्शन किया। लो लिंटास, मैकन एरिक्सन, फ्लोरोसेंस कम्युनिकेशन्स आदि जैसे प्रसिद्ध संगठनों से विविध संकाय सदस्यों और उद्योग विशेषज्ञों ने प्रस्तुत विविध अभियानों का विश्लेषण किया और सराहना की। साथ ही उन्होंने अपने मूल्यवान सुझाव भी दिये ताकि उद्योग में प्रवेश करने वाले छात्रों को आने वाले भविष्य में सहायता हो सके।

यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा और छात्रों द्वारा किया गया कड़ा परिश्रम तब फलीभूत हुआ, जब महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय ने बच्चों को गोद लेने से संबंधित परियोजनाओं में से एक ''दुलार की पुकार'' का प्रचार-प्रसार करने की सहमति प्रदान की। इस कार्यक्रम ने यकीनन भावी अभियानों के लिए एक मिसाल कायम की है। अन्य छात्रों ने अपने अभियान विशेषज्ञों और मंत्रालय के प्रतिनिधियों को प्रस्तुत किए और अपनी सृजनात्मक कार्य प्रणाली और निर्माण की गुणवत्ता एवं कर्मठता के लिए सराहना भी प्राप्त की।

8 दिसम्बर, 2017 को विज्ञान एवं जन संपर्क के छात्रों ने एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। ये प्रस्तुतिकरण छात्रों द्वारा कुशल रूप से तैयार और प्रबंधित किए गए थे। उनके नाटकों ने कुछ ऐसे ज्वलंत मुद्दों को उठाया जिससे हमारा समाज पीड़ित है यथा महिलाओं के लिए बराबर अधिकार, बलात्कार की मानसिकता से आजादी, ट्रांसजैंडर अधिकार, मासिक धर्म से जुड़ी रूढ़िवादिता और जाति आधारित भेदभाव। हमारी संस्कृति और समाज में इन समस्याओं की जड़े काफी गहरी हैं और हमारे छात्रों ने न केवल इन्हें उजागर किया, बल्कि सकारात्मक परिवर्तन के लिए अपील भी की। ऐसे कार्यक्रमों और प्रयासों से एक बेहतर विश्व के निर्माण हेतु संचार व्यावसायिक तैयार करने के हमारे समान उद्देश्य के प्रति आस्था को पुन: जागृत करने में बल मिलता है।

विज्ञापन एवं जन संपर्क विभाग की पांच टीमें वाट कंसल्ट द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के दूसरे चरण में चुनी गई। सभी टीमों ने डिजिटल पिच तैयार की थी जिसका पुरस्कार कांस महोत्सव का दौरा था। महक, प्रतिभा और

दीक्षिता को 25,000 रुपए नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और ढेर सारी प्रशंसा प्राप्त हुई।

आईआईएमसी के विज्ञापन एवं जन संपर्क विभाग ने छात्रों के अध्ययन अनुभव को बढ़ाने के लिए कई कार्यशालाएं आयोजित की। हमारी कुछ महत्वपूर्ण कार्यशालाएं जिन्होंने हमारे छात्रों को अपना कौशल निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उनमें मोबाइल पत्रकारिता और अनुप्रयोग पर सुबी चतुर्वेदी की कार्यशाला शामिल है जिसमें छात्रों ने मोबाइल पर उपलब्ध सामग्री, विशेषकर वह सामग्री जो खबरों में है, का जायजा लिया। ऐसी ही एक अन्य कार्यशाला सुश्री बिदिशा चक्रवर्ती और सुश्री लीज़ा द्वारा आयोजित की गई जो संकट प्रबंधन में जन संपर्क की भूमिका के बारे में थी। यह वह समस्याएं हैं जिनका सामना हमारे अधिकतर छात्र अपने करियर में करते ही हैं। अन्य सफल कार्यशालाओं में श्री पालिन निंगथाउजन और सुश्री दिशा द्वारा डिजिटल मार्केटिंग और सामाजिक मीडिया पर थी। इस कार्यशाला से हमारे छात्रों को महत्वपूर्ण डिजिटल ज्ञान प्राप्त हुआ। उमा शंकर पांडे द्वारा मीडिया के असरदार प्रभावों पर ज्ञानवर्धक कार्यशाला भी आयोजित की गई। द ट्रिब्यून चंडीगढ़ से श्री जुपिन्दरजीत सिंह ने ''राइटिंग मिडल्स'' पर एक कार्यशाला तथा प्रसून, निदेशक, मैजिक ब्रिक्स डॉट कॉम (MagicBricks.com) तथा अंजली बैरी ने ''कैम्पेन्स इन द डिजिटल स्पेस'' पर एक कार्यशाला आयोजित की।

इस वर्ष न केवल विज्ञापन/पीआर छात्रों बल्कि क्षेत्रीय परिसर सहित अन्य पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए भी विज्ञापन और पीआर में उत्साहजनक प्लेसमेंट देखने को मिली। प्लेसमेंट के लिए आई कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र कंपनियों में से टाटा, जिंदल, इफ्को, एडफैक्टर्स, इडलमैन पीआर, एवीएन मीडिया, पीआर पंडित, वाट कंसल्ट, एक्सेंचर आदि प्रमुख थीं। सबसे उच्चतम वेतन पैकेज टाटा और जिंदल की ओर से 12 लाख रुपए प्रति वर्ष का था।

रेडियो और टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम : शैक्षणिक वर्ष 2017-18 में, रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता का स्नातकोत्तर डिप्लोमा में दाखिला लेने वाले सभी 43 छात्रों ने प्रशिक्षण के द्वारा उक्त पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया । इन विद्यार्थियों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक तौर पर व्यापक, गहन और कड़े अभ्यास का सामना करना पड़ा।

तीव्रता से विकसित होते हुए मीडिया उद्योग और बदलती हुई तकनीकों के अनुसार पाठ्यचर्या में लगातार बदलाव किया जाता है। छात्रों को प्रख्यात मीडिया व्यावसायिकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कमर वाहिद नकवी ने टेलीविजन समाचार निर्माण पर सप्ताह भर लंबी कार्यशाला की। अखलाक उस्मानी ने उन्हें टीवी समाचार पैकेजिंग सिखाई। सुदीप्तो सेन ने सिनेमा की जादुई दुनिया से परिचित कराया। दानिश इकबाल ने उन्हें रेडियो नाटक से परिचित कराया। डॉ. तबनीहा अंजुम, विनोद कुमार, शाही शायका और समीर अशरफ ने उन्हें फोटोग्राफी के टिप्स दिए। शेफाली चतुर्वेदी और आर. जे. सिमरन कोहली ने उन्हें मनोरंजन रेडियो की गलियों की सैर कराई। आज तक चैनल के शम्स ताहिर खान (अपराध रिपोर्टिंग), विक्रान्त गुप्ता (खेल रिपोर्टिंग) और सईद अंसारी (समाचार एंकर), एनडीटीवी के पल्लव बागला, और दूरदर्शन के अशोक श्रीवास्तव ने अपने क्षेत्र के अनुभवों को साझा किया। विशेषज्ञों ने छात्रों की प्रतिभा को तराशा और उससे उत्साहजनक परिणाम देखने को मिले। छात्रों ने फरवरी, 2018 में आयोजित चित्र भारती फिल्म उत्सव में छ: प्रविष्टियां दीं। सभी प्रविष्टियों को दर्शकों से वाहवाही मिली और उसमें से एक को पुरस्कार भी मिला। गारेन पानर को लघु फिल्म '1311 किलोमीटर' में अभिनय करने के लिए श्रेष्ठ अभिनेता (महिला) घोषित किया गया।

डॉ. सईद नवाज अहमद के साथ छात्रों ने 'स्त्री सशक्तिकरण' पर आईआईएमसी टाइम्स के विशेष संस्करण निकाले। कार्डिफ विश्वविद्यालय के प्रो. मैथ्यू स्वेन और प्रो. एन्नेट डेटो ने मीडिया नीति के बारे में चर्चा की। श्री राहुल महाजन को सकारात्मक रिपोर्टिंग पर विशेष व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया। श्री विक्रम बहल ने साक्षात्कार की कला और श्री शुभ्रांशु चौधरी ने विकास संचार माध्यम में कैसे नवाचार करना है विषय पर व्याख्यान दिया। सुश्री अर्चना दत्ता और सुश्री वीना जैन (दोनों दूरदर्शन समाचार के पूर्व महानिदेशक हैं) ने सरकारी संचार माध्यमों की प्रणाली के बारे में व्याख्यान दिया।

छात्रों को रेडियो/टीवी समाचार कक्ष के प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के लिए, दूरदर्शन समाचार, आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग और बीबीसी के दिल्ली के दौरे के लिए ले जाया गया। उनके क्षेत्र कार्य में सूरजकुंड शिल्प मेले की कवरेज को भी शामिल किया है।

रेडियो और टेलीविजन विभाग आईआईएमसी के पांच अन्य संस्थानों के सभी छात्रों को प्रसारण पत्रकारिता में प्रशिक्षण देता है। यह भारतीय सशस्त्र सेनाओं, अर्ध सैनिक बलों, एनडीआरएफ और राज्यों के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को लघु अवधि रेडियो/टीवी कोर्सों के लिए लॉजिस्टिक और तकनीकी इनपुट भी देता है।

न्यू मीडिया और सूचना प्रौद्योगिकी

न्यू मीडिया विभाग ने अंग्रेजी पत्रकारिता, हिंदी पत्रकारिता, रेडियो और टेलीविजन तथा विकास पत्रकारिता के छात्रों के लिए अनेक कार्यशालाएं आयोजित कीं ताकि उनमें न्यू मीडिया की समझ और विभिन्न रूपों में मीडिया के संदेश बनाने के लिए उनके डिजिटल कौशल का विकास किया जा सके। विभाग में वर्ष 2017-18 में निम्नलिखित कार्यशालाएं आयोजित की:

अंग्रेजी पत्रकारिता और विकास पत्रकारिता के छात्रों के लिए दिनांक 27 सितंबर 2017 को मोबाइल पत्रकारिता की कार्यशाला आयोजित की गई। श्री विशाल अरोड़ा ने डॉ. आनंद प्रधान और डॉ. अनुभूति यादव के साथ मिलकर इस कार्यशाला का आयोजन किया।

हिंदी पत्रकारिता और रेडियो और टेलीविजन विभागों के लिए भी फरवरी, 2018 में मोबाइल पत्रकारिता कार्यशाला आयोजित की गई।

अंग्रेजी पत्रकारिता के छात्रों के लिए पैनासोनिक द्वारा डिजिटल छायांकन पर भी एक कार्यशाला आयोजित की गई। पैनासोनिक के श्रीकेंज केंजी तकेयी, मुख्य प्रशिक्षक थे। छात्रों को अद्यतन वीडियो और स्टिल कैमरा पर वास्तविक प्रशिक्षण भी दिया गया।

अंग्रेजी पत्रकारिता के छात्रों के लिए 29-30 अक्टूबर 2017 को एक कॉमिक पत्रकारिता कार्यशाला भी आयोजित की गई। ग्रासरूट कॉमिक्स के फाउंडर श्री शरद शर्मा इसमें मुख्य प्रशिक्षक थे। यह विभाग अन्य सभी विभागों में न्यू मीडिया पेपर के अंतर्गतडाटा पत्रकारिता, डिजिटल मार्केटिंग, डिजिटल टूल्स और ऑनलाइन पत्रकारिता आदि पर भी कार्यशाला आयोजित करता है।

सरकारी कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

विभाग ने भारतीय सूचना सेवा विभाग के सहयोग से भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों के लिए 3 जुलाई 2017 को नेशनल मीडिया सेंटर में **शासन के लिए सोशल मीडिया** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की।

विभाग ने असम के जनसंपर्क अधिकारियों के लिए अगस्त, 2017 को **डिजिटल युग में जनसंपर्क विषय** पर एक कोर्स आयोजित किया।

विकास और अनुसंधान

विभाग ने वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग, उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा जनसंचार विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय में 10 से 14 जुलाई 2017 (पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 5:00 बजे तक) आयोजित एक कार्यशाला में न्यू मीडिया की शब्दावली बनाने में भी योगदान दिया।

विभाग ने कंसोर्टियम फॉर एजुकेशन कम्युनिकेशन सीईसी), पीजी पाठशाला, स्वयं और मुक्त शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के राष्ट्रीय कोष के लिए न्यू मीडिया पर ई सामग्री भी तैयार की है।

विभाग ने **सोशल मीडिया फॉर सिटीजन इंगेजमेंट विषय** पर अनुसंधान रिपोर्ट प्रस्तुत की ।इस परियोजना को यूजीसी- यूपीई फोकस एरिया-II प्रोजेक्ट (मैसूर विश्वविद्यालय) द्वारा वित्तपोषित किया गया।

विभाग ने प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (PMGDISHA) के साथ पाठ्यचर्या विकास और मूल्यांकन के लिए सहभागिता की।

विस्तार

यह विभाग संस्थान की वेबसाइट www.iimc.gov.in और सोशल मीडिया हैंडल को संचालित करता है।

विभाग ने 7 दिसंबर 2017 को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों के अधिकारियों के साथ छात्रों का एक इंटरएक्टिव सत्र भी आयोजित किया।

वर्ष 2017-2018 की प्रमुख गतिविधियां

वर्ष 2017-2018 के दौरान क्षेत्रीय परिसरों में निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए

आईआईएमसी के ढेंकानाल परिसर में आयोजित गतिविधियां

आईआईएमसी, ढेंकानाल का शैक्षणिक सत्र 1 अगस्त, 2017 को आरंभ हुआ। छात्रों के लिए अतिथि संकाय द्वारा सारगर्भित व्याख्यान दिए गए ताकि छात्र और अधिक सीख और जान सके और उन्हें अपने आसपास की दुनिया की जानकारी मिल पाए।

4 अगस्त को ओडिशा पत्रकारिता दिवस के अवसर पर डॉ. अनूप दास, पूर्व समाज विज्ञान प्रोफेसर, उत्कल विश्वविद्यालय ने **ग्लोबल कैपिटल एंड वर्नाकुलर मीडिया** विषय पर एक व्याख्यान दिया; 8 अगस्त को कैंपस में अगस्त क्रांति दिवस मनाया गया; प्रोफेसर सुधीर घोष ने 'गांधी एज़ ए कम्युनिकेटर' विषय पर एक व्याख्यान दिया।

17 अगस्त को संस्थान का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ओड़िशा के पूर्व मुख्य सचिव डॉ सुभाष पाणी ने **फैक्ट्स, फिक्शन एंड न्यूज़** विषय पर एक व्याख्यान दिया। जिसके बाद शाम को छात्रों और संकाय सदस्यों द्वारा एक सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

21 अगस्त को प्रोफेसर सूर्य मिश्रा द्वारा नियमों, विनियमों और विशेष अधिकारों का संदर्भ देते हुए भारतीय संसदीय प्रणाली पर एक विशेष व्याख्यान दिया गया।

अभ्युत्थान फाइनेंशियल सेंटर, भुवनेश्वर द्वारा 24 अगस्त को **डिजिटल वित्तीय साक्षरता** विषय पर एक कार्यशाला

भी आयोजित की गई और इसके साथ ही 28 अगस्त, 2017 को प्रोफेसर डॉ. एस. एन. मिश्रा, डीन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, केआईआईटी, भुवनेश्वर द्वारा प्रोफेसर के. एम. श्रीवास्तव स्मृति व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान का शीर्षक था 'विकास और वृद्धि'।

भाषा के सौंदर्य की सराहना करने के लिए परिसर में 4 से 14 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें हिंदी भाषा में वाद-विवाद और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दिनांक 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात शाम को छात्रों द्वारा एक सांस्कृतिक समारोह भी आयोजित किया गया।

छात्रों को फोटोग्राफी की विधा से परिचित कराने के लिए परिसर में 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक एक 3 दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला भी आयोजित की गई जिसमें हिमांशु व्यास, मुख्य फोटोग्राफर, हिंदुस्तान टाइम्स, जयपुर और तबीना अंजू कुरेशी, ब्यूरो हेड, डेक्कन हेराल्ड, जयपुर ने फोटोग्राफी के बारे में छात्रों का ज्ञानवर्धन किया।

उदीयमान पत्रकारों ने 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस भी मनाया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार और ओम कॉम न्यूज़ संपादक श्री जजाती करन ने **भारत में मीडिया के समक्ष चुनौतियां** विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर पहला लैब जर्नल और एक फोटोग्राफी ब्रोशर भी जारी किया गया।

22 नवंबर को आईआईएमसी, ढेंकानाल के पहले रेजिडेंट निदेशक की पुण्यतिथि के अवसर पर सुप्रसिद्ध नाटककार और रंगमंच निदेशक श्री सुबोध पटनायक द्वारा 'विकास के साधन के रूप में रंगमंच' विषय पर पहला प्रोफेसर बी. बी. मोहंती स्मृति व्याख्यान दिया गया।

संस्थान में आईएसडब्ल्यूओ और ओएक्सएफएम द्वारा 5 दिसंबर को **महिलाओं के विरुद्ध हिंसा** विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया।

रजत जयंती उत्सव के भाग के रूप में संस्थान में 14 से 16 जनवरी को फिल्मी चक्कर नामक एक तीन दिवसीय फिल्म कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता डॉ. पीयूष रॉय द्वारा आयोजित की गई थी जो पूर्व में आईआईएमसी, ढेंकानाल के विद्यार्थी भी रहे हैं। इस अवसर पर "सिनेमा- थ्रू दी प्रिज्म ऑफ रियलिटी" विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार भी आयोजित किया गया। इस समारोह में श्री देवदास छोत्रय, सेवानिवृत्त कुलपति, रावेनशा विश्वविद्यालय, प्रोफेसर नदीम खान, क्षेत्रीय निदेशक, आईआईएमसी, अमरावती और फिल्म अनुसंधानकर्ता और लेखक श्री सूर्य देव जैसे गणमान्य व्यक्तियों ने भी शिरकत की।

फरवरी के आखिरी सप्ताह में रजत जयंती वर्ष का समारोह आरंभ हुआ। इस सप्ताह का पहला आयोजन 'डिजिटल युग में जनसंपर्क' विषय पर एक गोलमेज चर्चा थी। इस आयोजन में प्रोफेसर सुबीर घोष, लेखक श्री रामेंद्र कुमार श्री समीर गोस्वामी और श्री अमर ज्योति महापात्र, अध्यक्ष पीआरएसआई, ओडिशा चैप्टर भी उपस्थित हुए। अगले दिन लोकप्रिय लेखक रामेंद्र कुमार द्वारा लेखन कौशल विकसित करने के संबंध में एक कार्यशाला आयोजित की गई।

26 फरवरी को संस्थान में पूर्व छात्रों की वार्षिक सभा आयोजित की गई जिसमें पिछले बैचों के छात्र अपने मात्री संस्थान की रजत जयंती मनाने के लिए इकट्ठा हुए थे।

और अंत में सबसे प्रमुख समारोह का समय आया। 27 फरवरी को दो दिवसीय रजत जयंती समारोह आरंभ हुआ

और इसमें देश के विभिन्न भागों से गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। अतिथियों में शामिल कुछ सम्मानित नाम इस प्रकार रहे -ब्रिगेडियर केपी सिंह देव, पूर्व सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री के जी सुरेश, महानिदेशक, आईआईएमसी दिल्ली, प्रोफेसर विजय परमार, डीन एकेडमिक, प्रोफेसर गीता बाम्जई, श्री सुब्रतो बागची, अध्यक्ष, ओडिशा कौशल विकास प्राधिकरण, प्रतिष्ठित लेखक प्रोफेसर नित्यानंद मिश्रा, श्री सुबीर घोष, श्री स्नेह आशीष सुर, श्री समीर गोस्वामी और श्री अभय पधि।

इस अवसर पर रजत जयंती स्मारिका, मीडिया 360 और संवाद प्रसंग-2 नामक एक लेख संग्रह का विमोचन किया गया।

इस दिन 'डेमोक्रेटाइजेशन ऑफ नॉलेज' और 'ट्रायल बाय मीडिया' विषय पर संभाषण आयोजित किए गए शाम को गायन और नाटक प्रभाग, भारत सरकार के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गय। इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण ओडिशा का पारंपरिक गोटीपुआ नृत्य था।

28 फरवरी को आईआईएमसी, ढेंकानाल द्वारा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के सहयोग से दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए एक विशेष पहल शुरू की गई। इस केंद्र, जो ब्रेल सक्षम कंप्यूटर से लैस है और इसमें एक ब्रेल पुस्तकालय भी है, का उपयोग पत्रकार बनने के इच्छुक दृष्टिबाधित व्यक्तियों के प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा। इस दिन 'मीडिया का भविष्य' विषय पर एक गोलमेज चर्चा भी आयोजित की गई।

इस अवसर पर संस्थान के मेधावी छात्रों पुष्पांजलि पांडा और धारिणी मुद्गल को इस वर्ष की प्रतिष्ठित डॉ. राधानाथ रथ फैलोशिप और सत्य महापात्रा फैलोशिप भी प्रदान की गई। 19 मार्च को संस्थान की रजत जयंती के स्मरण में डाक टिकट भी जारी किया गया।

आईआईएमसी के आइजोल परिसर की गतिविधियां

भारतीय जन संचार संस्थान(आईआईएमसी) के पूर्वोत्तर परिसर का वर्ष 2017-18 का शैक्षणिक सत्र 1 अगस्त 2017 को 8 छात्रों के बैच के साथ आरंभ हुआ। अंग्रेजी पत्रकारिता में 8 छात्र थे।

इस वर्ष का प्रमुख आकर्षण आईआईएमसी के महानिदेशक, श्री के जी सुरेश का 20 अप्रैल, 2018 का दौरा था। श्री सुरेश ने 20 अप्रैल 2018 को आईआईएमसी, आइजोल के छात्रों और संकाय सदस्यों से एक लंबी और जीवंत वार्ता की। उदीयमान पत्रकारों से बात करते हुए महानिदेशक ने आधुनिक पत्रकारिता में विशेषज्ञता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने दिल्ली में कैंपस रिक्रूटमेंट पखवाड़े में आईजोल परिसर के छात्रों के प्रदर्शन पर भी संतोष प्रकट किया। श्री सुरेश ने संस्थान के स्थायी परिसर के निर्माण स्थल का भी दौरा किया जो इस समय तनहरिल में मिजोरम विश्वविद्यालय कैंपस में निर्माणाधीन है आशा है कि यह परिसर 2019 के अंत तक पूरा हो जाएगा। इस समय संस्थान एमजेडयू कैंपस के एक भवन से कार्यरत है।

23 अगस्त, 2017 को आईआईएमसी के छात्रों ने असम राइफल्स मुख्यालय का दौरा किया और उनके साथ सहायक प्रोफेसर सुदर्शन बोरपत्र गुहाई और डॉक्टर सी लालमुंसंगिमी, क्षेत्रीय निदेशक श्री एल आर सायलो थे। इस समूह ने कमांडेंट ब्रिगेडियर एम.एस. मोखा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक लाभकारी चर्चा की। उन्हें असम राइफल्स के इतिहास और महत्व के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्राप्त हुई और उन्हें पता चला कि किस प्रकार असम राइफल राष्ट्र की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। श्री गोपाल मिश्रा दिल्ली की अतिथि संकाय भी आईआईएमसी

के उस समूह का हिस्सा थे जिसने असम राइफल्स का दौरा किया।

12 सितंबर को आईआईएमसी, आइजोल के छात्रों और संकाय ने क्षेत्रीय निदेशक के नेतृत्व में श्री एल डी राल्ते, आईएफएस (सेवानिवृत्त) मुख्य सूचना आयुक्त, मिजोरम के साथ बातचीत की। श्री एल डी राल्ते ने भारत सरकार के शीर्षस्थ पदों पर सेवा के अपने बृहद अनुभव से छात्रों को अनेक विषयों विशेषकर मिजोरम में सूचना अधिकार अधिनियम और इसके प्रयोग के संबंध में शिक्षित किया।

शैक्षणिक वर्ष के दौरान छात्रों ने राई-एक में थालफावांग कुट (पर्यटन उत्सव) और एआर ग्राउंड आइजोल में सबसे महत्वपूर्ण मिजो सांस्कृतिक उत्सव चापचार कुट जैसे समारोहों में भी भाग लिया। जबकि वह छात्रों की सांस्कृतिक शिक्षा का हर महत्वपूर्ण भाग था, उन्होंने उस कार्यक्रम पर लघु वृत्तचित्र भी तैयार किया।

आईआईएमसी द्वारा मनाए गए स्वच्छता पखवाड़े की अवधि के दौरान, आईआईएमसी आइजोल के छात्रों ने परिसर के क्षेत्र को साफ किया और स्वच्छ भारत अभियान के विभिन्न पहलुओं पर केन्द्रित ब्लॉग पोस्ट लिखे एवं पोस्टर बनाए।

आईआईएमसी के अमरावती परिसर की गतिविधियां

शैक्षणिक सत्र 2017-2018 के दौरान, पत्रकारिता अंग्रेजी और मराठी में दो स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठयक्रम चलाए। इस वर्ष के दौरान आईआईएमसी अमरावती के छात्रों ने नेमी रिपोर्टिंग कार्यों के भाग के तौर पर जिला ग्रंथोत्सव सहित गणेशोत्सव, दुर्गा पूजा, जन्माष्टमी जैसे स्थानीय कार्यक्रमों एवं उत्सवों तथा संत गड्गे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को शामिल किया।

अंग्रेजी बैच ने 9 से अधिक लैब जर्नल प्रकाशित किए और प्रथम मराठी पत्रकारिता बैच ने सफलतापूर्वक 15 जर्नल प्रकाशित किए। ये लैब जर्नल प्रमुखत: छात्रों द्वारा तैयार स्थानीय समाचार और लेखों पर आधारित थे। सभी अंकों के सभी पृष्ठ छात्रों द्वारा विशेष तौर पर शोधबद्ध, लिखे, संपादित, अभिकल्पित और प्रकाशित किए गए। उन्हें दैनिक आधार पर रिपोर्टिंग पर जाने को कहा गया। इसका उद्देश्य रिपोर्टिंग और संपादन कौशल में उन्हें प्रशिक्षित करना था।

छात्रों ने दशहरा, महिला शक्ति, राष्ट्रीय प्रेस दिवस, मराठी पत्रकार दिन, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस,जिला पुस्तकालय और जिला सूचना कार्यालय द्वारा आयोजित संत गड्गे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय और ग्रंथोत्सव के दीक्षांत समारोह जैसे कुछ विशेष मुद्दों पर कार्य किया। छात्रों ने काफी फोटोग्राफी भी की। उनके द्वारा रिपोर्ट की गई अधिकतर खबरों के साथ उनके द्वारा खींचे गए चित्र थे।

मराठी पत्रकारिता छात्रों के लिए टेलिविज़न की कार्य प्रणाली को सैद्धांतिक और वैचारिक रूप से समझाने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। स्थानीय टेलिविजन पत्रकारों का मार्गदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया। हमें यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि उन्हें दिए गए सीमित समय में, छात्रों ने पांच वृत्तचित्र: दो अंग्रेज़ी और तीन मराठी, पूरे किए। शूटिंग, पटकथा लेखन, पार्श्व स्वर और संपादन सहित सभी कुछ उन्होंने ही किया।

रेडियों में उनके प्रशिक्षण के भाग के रूप में, उन्होंने समूह कार्यकलाप के तौर पर रेडियो समाचार बुलेटिन और फीचर तैयार किए।

नव मीडिया प्रैक्टिकल के भाग के तौर पर उन्होंने ब्लॉग और मोबाइल कहानियां तैयार की।

छात्रों ने एक स्थानीय समाचार पत्र प्रतिदिन की मुद्रण प्रेस और साधना नामक स्थानीय समुदाय रेडियो का दौरा किया। उन्होंने नागपुर स्थित टाइम्स ऑफ इंडिया कार्यालय तथा आकाशवाणी स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने संबंधित पत्रों एवं रेडियो के कार्यकरण को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने आईबीएन लोकमत के ब्यूरो प्रमुख से भी बातचीत की। छात्रों ने नागपुर प्रेस क्लब का भी दौरा किया तथा महाराष्ट्र प्रेस क्लब के अध्यक्ष और नागपुर के अन्य प्रख्यात पत्रकारों के साथ पत्रकारिता एवं अन्य संबंधित मुद्दों पर एक लंबे और शिक्षाप्रद परस्पर बातचीत सत्र में भाग लिया। उन्होंने निकटवर्ती पहाड़ी क्षेत्र चिखलदारा और सेवाग्राम में गांधी आश्रम का दौरा किया। उन्होंने सेंट्रल जेल का भी दौरा किया और अधिकारियों से बातचीत की।

हमने 6 जनवरी, 2018 को स्थानीय, श्री शिवाजी आर्टस् कॉलेज के पत्रकारिता विभाग और जिला सूचना कार्यालय के साथ मराठी पत्रकारिता दिन मनाया।

हमारे तीन मराठी छात्रों नामत: अश्विनी, शुभम और कैलाश ने महाराष्ट्र राज्य सरकार की ऑनलाइन पहल, सोशल मीडिया महामित्र में भाग लिया और राज्य के मुख्यमंत्री श्री देवन्द्र फडणवीस द्वारा हस्ताक्षरित डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त किए।

कई प्रमुख पत्रकारों, शिक्षाविदों और व्यावसायिकों जैसे महेन्द्र वेद, संजय घरडे, संजय पखोडे, योगेश जोशी, संजय शिंदे, किशोर द्विवेदी, निकिता गुप्ता, श्रीपद जोशी और श्रीराम जोशी सहित ने हमारे छात्रों को कई महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

आईआईएमसी के जम्मू परिसर की गतिविधियां

शैक्षणिक वर्ष 2017-2018 के लिए अंग्रेजी पत्रकारिता कार्यक्रम में 12 छात्र थे।

आईआईएमसी का 53वां स्थापना दिवस समारोह :

17 अगस्त, 2017 को आयोजित आईआईएमसी के 53वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान श्री, के. बी. जंदियाल (आईएएस), महामहिम राज्य के पूर्व सलाहकार/ब्यूरोक्रेट और सूचना एवं जन संपर्क निदेशक, जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने छात्रों को समाचार कवरेज और पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर संबोधित किया। उन्होंने आतंकवाद के दिनों के दौरान अपने अनुभवों को छात्रों के साथ साझा किया और संघर्षपूर्ण रिपोर्टिंग के विभिन्न पहलुओं पर छात्रों को सलाह दी। उन्होंने राज्यों और केन्द्र सरकार द्वारा नियंत्रित मीडिया इकाइयों के कामकाज पर छात्रों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों का भी उत्तर दिया।

स्वर्गीय प्रोफेसर के एम. श्रीवास्तव स्मारक व्याख्यान :

आईआईएमसी जम्मू परिसर द्वारा 28 अगस्त 2017 को द्वितीय स्वर्गीय प्रो. के. एम. श्रीवास्तव स्मारक व्याख्यान ''जम्मू और कश्मीर में मीडिया एवं वातावरण'' विषय पर आयोजित किया गया। श्री सी. एम. सेठ, पूर्व अध्यक्ष, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा अध्यक्ष डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, जम्मू एवं कश्मीर शाखा के अध्यक्ष इस स्मारक व्याख्यान में प्रमुख वक्ता थे। इस स्मारक व्याख्यान में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ अश्विनी कुमार, आज तक समाचार चैनल के ब्यूरो प्रमुख, सुश्री संगीतिका निगम, प्रसिद्ध फिल्मकार/अतिथि शिक्षक उपस्थित थे। श्री सी. एम. सेठ ने जम्मू और कश्मीर राज्य में वन्य जीवन के परिरक्षण में मीडिया की भूमिका के बारे में बात की।

श्री निजामुद्दीन भट द्वारा व्याख्यान :

श्री निजामुद्दीन भट, पूर्व उप कुलपति हस्तशिल्प विकास निगम और जम्मू एवं कश्मीर के दिग्गज पत्रकार ने अक्तूबर 2017 में **मीडिया में नैतिकता और अच्छी प्रथाओं** पर छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने जम्मू एवं कश्मीर राज्य में भ्रामक खबरों की विश्वसनीयता उद्देश्य और प्रभाव की प्रासंगिकता और महत्व पर भाषण दिया। उन्होंने छात्रों को अच्छी पत्रकारिता के नियमों का पालन करना, तत्काल लाभ के लिए शार्टकट की तलाश न करने के बारे में छात्रों को सलाह दी।

फोटो पत्रकारिता पर सात दिवसीय कार्यशाला

श्री नारायण आचार्य, वरिष्ठ पत्रकार जम्मू एवं कश्मीर ने अक्तूबर/नवम्बर, 2017 में फोटो पत्रकारिता के छात्रों के लिए सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। उन्होंने सैद्धांतिक इनपुट्स के अलावा फोटो पत्रकारिता के व्यावहारिक पहलुओं को प्रस्तुत किया। उन्होंने फोटो पत्रकारिता में नैतिकता और नई प्रवृत्ति के बारे में भी छात्रों को व्याख्यान दिया और मोबाइल पत्रकारिता पर भी एक विशेष सत्र चलाया।

भारतीय प्रेस परिषद, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रेस दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह के समापन समारोह में भागीदारी

जम्मू एवं कश्मीर के तीन छात्रों ने भारतीय प्रेस परिषद, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रेस दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह के समापन और पत्रकारिता में राष्ट्रीय विशिष्टता पुरस्कार में भाग लिया जहां उनको दिनांक 16 नवम्बर, 2017 को वहां दौरा करने और राष्ट्रीय स्तर के व्यक्तियों से मिलने का अवसर प्रदान हुआ।

समाचार कक्ष की कार्य गति और कार्य पद्धति

समाचार कक्ष की संपूर्ण कार्य गति और कार्य पद्धति के बारे में छात्रों को अवगत कराने के लिए निम्नांकित दौरे आयोजित किए गए :

i) दूरदर्शन में जहां छात्रों ने श्री संजीत खजूरिया, उप निदेशक, समाचार से पारस्परिक बातचीत की और उन्होंने समाचार प्रणाली के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया। छात्रों को दूरदर्शन के स्टूडियो और तकनीकी अवसंरचना के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ। उनको प्रकाश व्यवस्था, आवाज और स्टूडियो तैयार करने के विविध पहलुओं पर भी विवरण दिया गया।

ii) समान रूप से आज तक न्यूज चैनल में दौरा आयोजित किया गया। श्री अश्विनी कुमार, ब्यूरो प्रमुख, आज तक, जम्मू एवं कश्मीर, ने छात्रों को समाचार कक्ष की संपूर्ण कार्य गति और कार्य पद्धति के बारे में विवरण दिया। छात्रों ने आज तक में ओबी वैन की संचालन क्षमता, स्टूडियो और तकनीकी अवसंरचना को भी देखा। उन्होंने ताजा खबर, उसकी कवरेज और संघर्ष भरी रिपोर्टिंग के बारे में भी विवरण दिया।

iii) टाइम्स नाऊ चैनल में एक दौरा आयोजित किया गया। छात्रों ने श्री प्रदीप दत्ता, ब्यूरो प्रमुख, टाइम्स नाऊ, जम्मू एवं कश्मीर से बैठक की। उन्होंने टीवी समाचार पत्रकारिता के विविध विषयों पर चर्चा की।

उत्तर क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय व्याख्यान प्रतियोगिता में भागीदारी :

दिनांक 18 जनवरी, 2018 को जम्मू विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयों के बीच 'इज डिजिटल इंटरवेंशन इन एजुकेशन अमंग द मोस्ट प्रैसिंग चैलेंजिज?'' विषय पर व्याख्यान प्रतियोगिता आयोजित की गई। राज्य के अंदर और बाहर से आईआईएमसी जम्मू के दो छात्रों सहित 16 शैक्षणिक संस्थानों से 32 भागीदारों ने

प्रतियोगिता में भाग लिया। महामहिम राज्यपाल श्री एन. एन. वोहरा ने प्रमाणपत्र वितरित किए।

महानिदेशक की छात्रों के साथ बैठक :

आईआईएमसी के महानिदेशक श्री के. जी. सुरेश ने दिनांक 20 जनवरी, 218 को परिसर के छात्रों के साथ बैठक की। उन्होंने छात्रों को पेशेवर सलाह दी। मीडिया उद्योग की आवश्यकता को बताते हुए उन्होंने छात्रों को दैनिक आधार पर लिखने का परामर्श दिया और उन्होंने छात्रों से तथ्यात्मक सामग्री को अच्छी तरह समझने के बाद समाचार बनाने की सलाह दी। चर्चा के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय निदेशक से छात्रों को उस साइट में ले जाने कह सलाह दी, जहां स्थायी क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित किया जा रहा है।

गणतंत्र दिवस समारोह

उत्तरी क्षेत्रीय परिसर, आईआईएमसी, जम्मू में गणतंत्र दिवस देशभक्ति और उत्साह से मनाया गया। छात्रों ने स्किट, नृत्य और क्षेत्रीय भाषाओं में समाचार पढ़ने सहित सांस्कृतिक समारोह के जरिए अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया।

जम्मू एवं कश्मीर राज्य विधान/परिषद का दौरा

दिनांक 1 फरवरी, 2018 को आईआईएमसी, जम्मू एवं कश्मीर के छात्रों के लिए जम्मू एवं कश्मीर की विधान सभा दौरे का प्रबंधन किया गया ताकि वे विधान सभा की कार्यवाही और नियम निर्माण प्रकिया देख सकें। छात्रों ने विधान सभा के शून्य काल के सत्र में भाग लिया जहां विविध विधायकों द्वारा महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चाएं होती हैं।

औद्योगिक सम्पदा बड़ी ब्राह्माणा का दौरा :

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए आईआईएमसी के छात्रों ने दिनांक 15 फरवरी, 2018 को जम्मू के औद्योगिक हब बड़ी ब्राह्माणा का दौरा किया, जहां छात्रों को अपने समाचार तैयार करने का कार्य दिया गया। इस दौरे के दौरान आईआईएमसी मुख्यालय के अतिथि संकाय की परिवीक्षा के तहत छात्रों ने सीखा कि कैमरा को इसके हैंडलिंग के अलावा कैसे सामना करें।

आईआईएमसी कोट्टयम परिसर की गतिविधियां

दक्षिण भारत में भारतीय जन संचार संस्थान की **कोट्टयम**- अक्षर, लेटेक्स और झील की भूमि में वर्ष 1995 में हुआ था। यह कामकाजी पत्रकारों, जन संपर्क पेशेवरों और राज्य सूचना अधिकारियों को गुणवत्ता प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया था। वर्ष 2012 में पहली बार आईआईएमसी **कोट्टयम** ने स्नातक छात्रों के साथ अंग्रेजी में स्नातकोत्तर पत्रकारिता कार्यक्रम के लिए अपना द्वार खोला था। तब से आईआईएमसी **कोट्टयम** प्रतिबद्धता, गुणवतत्ता और उद्योग की तैयारी के साथ पत्रकारिता प्रतिभाओं का लगातार पोषण कर रहा है। यहां अंग्रेजी पत्रकारिता कार्यक्रम में 13 छात्र और मलयालम पत्रकारिता में 13 छात्र हैं।

नया पाठ्यक्रम की शुरूआत

रिपोर्टाधीन वर्ष में मलयालम पत्रकारिता में नया स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का आरंभ एक उल्लेखनीय विकास रहा। नये पाठ्यक्रम के आरंभ के साथ वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में मीडिया शिक्षा में वैश्विक मानक स्थापित करने में आईआईएमसी के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ। आईआईएमसी क्षेत्रीय भाषाओं में भी पत्रकारिता के लिए क्षमता निर्माण और गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए एक नया पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी में है। समारोह का उदघाटन श्री के. जी. सुरेश, महानिदेशक, आईआईएमसी द्वारा किया गया जिसमें पत्रकारिता

के क्षेत्र के कई दिग्गजों की भागीदारी देखी गई।

अन्य महत्वपूर्ण कार्यकलाप

